HINDUSTAN PAGE 6

एलयू की पीजी विषम सेमेस्टर परीक्षा 14 से

लखनऊ। स्नातक के बाद अब लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीजी विषम सेमेस्टर परीक्षा की तिथियां जारी कर दी है। एमए पॉलिटिकल साइंस तीसरे सेमेस्टर के पेपर 14 मार्च से शुरू हो रहे हैं। वहीं पहले समेस्टर के पेपर 16 मार्च से होंगे। हिन्दी प्रथम सेमेस्टर के पेपर 22 मार्च से शुरू होंगे।

हिन्दी तीसरे सेमेस्टर के पेपर 14 मार्च से कराए जा रहे हैं। इसके अलावा एमए अरेबिक एंड अरब कल्चर एंड सिविलाइजेशन के पहले सेमेस्टर के पेपर 14 मार्च से कराएं जा रहे हैं। तीसरे सेमेस्टर के पेपर भी 14 मार्च से ही शुरू हो रहे हैं। एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के प्रथम सेमेस्टर के पेपर 18 मार्च और तीसरे सेमेस्टर के पेपर 14 मार्च से शुरू हो रहे हैं।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि में परास्नातक परीक्षाएं 14 से

विश्वविद्यालय ने दो माह के इंतजार के बाद जारी किया परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। करीब दो माह के इंतजार के बाद लखनऊ विवि ने रविवार को परास्नातक पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। पीजी की परीक्षाएं 14 मार्च से होंगी।

विवि में पाठ्यक्रमों का सिलेबस पूरा हुए करीब दो महीने हो चुके हैं। इसके बाद शिक्षक और विद्यार्थी दोनों परीक्षा कार्यक्रम जारी करने का इंतजार कर रहे थे। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। देरी को लेकर लविवि प्रशासन कुछ नहीं बोल रहा है, लेकिन इसके पीछे मुख्य वजह परीक्षा एजेंसी का बदलना बताया जा रहा है।

अगस्त 2022 में पीजी पाठ्यक्रमों की पढ़ाई शुरू होने के बाद दिसंबर तक सभी का सिलेबस पूरा हो गया था। इसके बाद विज्ञान संकाय में विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं भी हो गईं, लेकिन परीक्षा कार्यक्रम जारी नहीं हो सका। अब जाकर लविवि प्रशासन ने परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा 14 मार्च से शुरू होकर अप्रैल तक चलनी हैं। परीक्षाएं होने के बाद अगले सेमेस्टर की पढ़ाई समय से कराना भी चुनौती होगी। कैंपस प्लेसमेंट पा चुके विद्यार्थियों को जून के बाद ज्वॉइन करना होगा। सेमेस्टर में न्यूनतम 90 दिन की कक्षाएं चलना अनिवार्य है। मई से भी अगर पढ़ाई शुरू हो गई तो फिर अगस्त से पहले सम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो पाना संभव नहीं होगा।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया निरीक्षण।

> परीक्षाओं के तुरंत बाद होंगी सेमेस्टर कक्षाएं
>
> लविवि के परास्नातक पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर मौजूद है। परीक्षाएं होते ही अगले सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। – डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता लविवि

76.50 फीसदी ने दी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

लखनऊ। लविवि में रविवार को दोनों कैंपस में पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। 2447 परीक्षार्थी में से 575 गैरहाजिर रहे। 76.50 फीसदी परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

लविवि के 39 विषयों में पीएचडी की 1231 रेग्युलर सीट पर प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। अवधि 90 मिनट की परीक्षा के लिए पहली पाली सुबह 10:30 बजे और दूसरी दोपहर 2 बजे से शुरू हुई। पहले दिन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, उर्दू, इंग्लिश, पर्शियन, होम साइंस, वेस्टर्न हिस्ट्री, एंथ्रोपोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, पॉलीटिकल साइंस, संस्कृत, भूगोल, जूलॉजी, अरेबिक, स्टैट, अरेबिक एंड अरब कल्चर, फिजिक्स, सोश्योलॉजी, अप्लाइड इकोनॉमिक्स, लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस की परीक्षा हुई। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार को प्रवेश परीक्षा का अंतिम दिन होगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

कुलपति ने छात्र-छात्राओं के साथ खेली होली

छात्र-छात्राओं संग कुलपति प्रो. आलोक राय। - संवाद

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के आचार्य नरेंद्र देव इंटरनेशनल ब्वॉयज हॉल में रविवार को कुलपति ने छात्रों संग होली खेली।

लविवि और वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन ऑफ स्टूडेंट्स एंड यूथ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होली महोत्सव में विदेशी छात्रों को भारतीय पर्वों के साथ संस्कृति से रूबरू कराया गया। छात्र-छात्राओं ने वीसी को गुलाल लगाया। इसके बाद गुझिया व अन्य यंजनों का लुत्फ लिया।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के अलावा सह संरक्षक व अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, मुख्य प्रोवोस्ट प्रो. अनूप सिंह, सहायक प्रोवोस्ट डॉ. सक्षम श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि के शिक्षक डॉ. तकी अली आब्दी का दिल का दौरा पड़ने से निधन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के ओरिएंटल अरेबिक एंड पर्शियन विभाग के शिक्षक डॉ. तकी अली आब्दी का रविवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। डॉ. आब्दी की सेवानिवृत्ति अगले वर्ष होनी थी। उनके निधन से विवि में शोक की लहर रही। लविवि शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. विनीत वर्मा समेत सभी शिक्षकों ने उनके निधन पर दुख व्यक्त किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 4

एनडी हॉस्टल में विदेशी छात्रों ने खेली होली

■ एनबीटी सं, लखनऊः एलयू के आचार्य नरेंद्र देव इंटरनेशनल बॉयज हॉल में रविवार को स्टूडेंट्स ने होली खेली। वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने विदेशी स्टूडेंट्स को होली के त्योहार का महत्व बताया और बधाई दी। होली उत्सव का आयोजन एलयू और वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन ऑफ स्टूडेंट्स एंड यूथ (वोसी) की ओर से किया गया। समारोह में डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन, मुख्य प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, सहायक प्रोवोस्ट डॉ. सक्षम कुमार श्रीवास्तव व अन्य शिक्षक मौजूद थे।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि के दोनों परिसरों में मना होली उत्सव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

होली उत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं के साथ लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व अन्य — अमृत विचार

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय ने नए परिसर में पहली बार रंगारंग होली उत्सव मनाया वहीं विश्वविद्यालय ने अपनी पुरानी परंपरा के तहत विभागों व छात्रावासों में होली उत्सव मनाते हुए परिसर को सराबोर कर दिया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति व शिक्षकों ने शिरकत की। वहीं छात्र व छात्राओं ने भी उत्साह दिखाया।

लखनऊ विश्वविद्यालय का आचार्य नरेंद्र देव इंटरनेशनल बॉयज हॉल में रविवार को होली के रंगों से सराबोर हो गया। होली उत्सव का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय एवं वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन ऑफ स्टूडेंट्स एंड यूथ (वोसी) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। समारोह का आयोजन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के संरक्षण, सह संरक्षक एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, मुख्य प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, सहायक प्रोवोस्ट डॉ. सक्षम कुमार श्रीवास्तव व सहयोगी साथियों की उपस्थित होली उत्सव मनाया गया। कुलपति ने सभी विदेशी छात्र छात्राओं को होली के त्योहार का महत्व बताते हुए सभी को बधाई और शुभकामना दी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विदेशी बच्चों को भारतीय पर्व एवं त्योहारों के द्वारा यहां की संस्कृति के बारे में अवगत कराना था। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने कहा कि इन कार्यक्रमों के द्वारा सांस्कृतिक आदान प्रदान सुनिश्चित करना है।

विश्वविद्यालय के सभी अंतर्राष्ट्रीय पुरुष और महिला छात्रों को एएनडी हॉल में एकत्रित हुए जहां अंतर्राष्ट्रीय छात्रों द्वारा कुलपति और अन्य गणमान्य लोगों को गुलाल लगाने के बाद गुझिया और भारतीय रीति रिवाज के अनुसार छात्रों को व्यंजन वितरित किए गए।

छात्रावासों में भी मनाया गया होली उत्सव, कुलपति व शिक्षकों ने लिया हिस्सा

i-NEXT PAGE 4

14 से पीजी के विषम सेमेस्टर एग्जाम शुरू

14 मार्च से 5 अप्रैल तक कराए जाएंगे एग्जाम

LUCKNOW (5 Mar): लखनऊ विश्वविद्यालय की परास्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाएं 14 मार्च से पांच अप्रैल तक होंगी. विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in से डाउनलोड कर सकते हैं. एलयू ने पीजी विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए 103 कालेजों को केंद्र बनाया गया है. इनकी मानीटरिंग के लिए 23 नोडल केंद्र भी निर्धारित है.

यह है एग्जाम प्रोग्राम

एमए पालिटिकल साइंस तीसरे सेमेस्टर (सीबीसीएस) 14 से 24 मार्च, प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस) 16 से 27 मार्च, एमए सोशियोलाजी तीसरा सेमेस्टर 14 से 22 मार्च और प्रथम सेमेस्टर 13 से 27 मार्च, एमए साइकोलाजी प्रथम सेमेस्टर-16 से 25 मार्च, एमए साइकोलाजी तीसरा सेमेस्टर 14 से 22 मार्च, मास्टर आफ लाइब्रेरी एंड इन्फार्मेशन साइंस प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस) 18 से 28 मार्च, एमए जेएमसी प्रथम सेमेस्टर 18 से 31 मार्च, एमए, एमएससी बायोसटैटिस्टिक्स प्रथम सेमेस्टर 18 से 31 मार्च, एमएससी केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर 28 मार्च से तीन अप्रैल, एमएससी फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर-28 मार्च से 31 मार्च, एमए, एमएससी सेमेस्टर-16 से 29 मार्च, एमएससी बायोसटैटिस्टिक्स प्रथम सेमेस्टर 18 से 31 मार्च, एमएससी केमिस्ट्री तीसरे सेमेस्टर 14 से 25 मार्च, एमएससी बायो केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर, एमएससी एप्लाइड जियोलाजी तीसरा सेमेस्टर 14 से 25 मार्च, एमएससी बायोकेमिस्ट्री तीसरा सेमेस्टर 17 से 29 मार्च, एमएससी बायोकेमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर 18 से 31 मार्च, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन प्रथम सेमेस्टर 18 से 31 मार्च, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन तीसरे सेमेस्टर 14 से 27 मार्च, एमबीए (एफए, सीए, स्कलप्चर) प्रथम सेमेस्टर एक से पांच अप्रैल, एमबीए (एफए, सीए, स्कलप्चर) तीसरे सेमेस्टर 31 मार्च से तीन अप्रैल, एमए हिन्दी प्रथम सेमेस्टर 22 मार्च से तीन अप्रैल, एमए हिन्दी तीसरे सेमेस्टर 14 से 31 मार्च तक।

इसे भी जानें

एमकाम प्रथम सेमेस्टर ओल्ड कोर्स 17 से 27 मार्च, एमकाम तीसरे सेमेस्टर सीबीसीएस 16 से 23 मार्च, एमकाम तीसरे सेमेस्टर ओल्ड कोर्स 16 से 25 मार्च, एमए पर्शियन प्रथम सेमेस्टर 16 से 23 मार्च, एमएससी स्टैटिस्टिक्स प्रथम सेमेस्टर 18 से 31 मार्च, एमए, एमएससी स्टैटिस्टिक्स तीसरे सेमेस्टर 17 से 29 मार्च, एमए, एमएससी बायोसटैटिस्टिक्स प्रथम सेमेस्टर 18 से 31 मार्च, एमएससी केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर 28 मार्च से तीन अप्रैल, एमएससी फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर-28 मार्च से 31 मार्च, एमए, एमएससी सेमेस्टर-16 से 29 मार्च, एमएससी बायोसटैटिस्टिक्स प्रथम सेमेस्टर 18 से 31 मार्च, एमएससी केमिस्ट्री तीसरे सेमेस्टर 14 से 25 मार्च, एमएससी बायो केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर, एमएससी एप्लाइड जियोलाजी तीसरा सेमेस्टर 14 से 25 मार्च, एमएससी बायोकेमिस्ट्री तीसरा सेमेस्टर 17 से 29 मार्च, एमएससी बायोकेमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर 18 से 31 मार्च, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन प्रथम सेमेस्टर 18 से 31 मार्च, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन तीसरे सेमेस्टर 14 से 27 मार्च, एमबीए (एफए, सीए, स्कलप्चर) प्रथम सेमेस्टर एक से पांच अप्रैल, एमबीए (एफए, सीए, स्कलप्चर) तीसरे सेमेस्टर 31 मार्च से तीन अप्रैल, एमए हिन्दी प्रथम सेमेस्टर 22 मार्च से तीन अप्रैल, एमए हिन्दी तीसरे सेमेस्टर 14 से 31 मार्च तक।

बीए आनर्स की परीक्षाएं 20 मार्च से

बीए आनर्स साइकोलाजी पांचवें सेमेस्टर 20 से 29 मार्च, बैचलर आफ लाइब्रेरी एंड इन्फार्मेशन साइंस प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस) 18 से 29 मार्च, बीएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर एनईपी 14 से 27 मार्च, बीएजेएमसी तीसरे सेमेस्टर एनईपी 16 से 28 मार्च, बीएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर ओल्ड कोर्स 14 व 17 मार्च, तीसरे सेमेस्टर 16 व 18 मार्च, पांचवें सेमेस्टर 17 व 20 मार्च, बीबीए एफए तीसरे सेमेस्टर 23 से 25 मार्च, बीबीए सीए तीसरे सेमेस्टर 23 से 25 मार्च तक.

पीएचडी की प्रवेश परीक्षा में सवालों ने उलझाया

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

एग्जाम देते स्टूडेंट्स.

एलयू में पीएचडी प्रवेश परीक्षा दो पालियों में हुई संपन्न

LUCKNOW (5 Mar): लखनऊ यूनिवर्सिटी की पीएचडी प्रवेश परीक्षा की शुरुआत रविवार को हुई. पहले दिन 19 विषयों की परीक्षा हुई. दो पालियों में हुई परीक्षा में 169 कैंडीडेट गैरहाजिर रहे. पहली पाली की परीक्षा सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक हुई. पहली पाली में 148 कैंडीडेट रजिस्टर्ड थे, जिनमें से 108 प्रजेंट और 40 अब्सेंट रहे. वहीं, दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक हुई. इसके लिए 594 में से 465 स्टूडेंट्स उपस्थित और 129 अनुपस्थित रहे. एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा का निरीक्षण भी किया.

ट्रिकी सवालों में उलझे

तीन अप्रैल, एमएससी फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री तीसरे सेमेस्टर-17 से 23 मार्च तक होंगे.

इस दिन दो एग्जाम

एमएससी एप्लाइड जियोलाजी प्रथम सेमेस्टर-16 से 29 मार्च, एमएससी एप्लाइड जियोलाजी तीसरा सेमेस्टर 14 से 25 मार्च, एमएससी बायो केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर के एग्जाम कराए जाएंगे.

आज भी दो पालियों में होगी प्रवेश परीक्षा

सोमवार को भी पीएचडी की प्रवेश परीक्षा होगी. सुबह की पाली में लॉ, ओरिएंटल संस्कृत, फ्रेंच, जियोलॉजी, लिंग्विस्टिक, इकॉनॉमिक्स, एआईएच, फाइन आर्ट्स एजुकेशन का एग्जाम होगा. वहीं, दोपहर की पाली में फिजिकल एजुकेशन, हिंदी, फिलोसिफी, मैथमेटिक्स, सोशल वर्क, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, डिफेंस स्टडीज, बॉटनी, हिन्दी, साइकोलॉजी, एमआईएच, कॉमर्स और केमिस्ट्री का एग्जाम होगा.

पेपर देने पहुंचे कैंडीडेट में से कुछ को पेपर आसान लगा. हालांकि, कुछ ने पेपर के सवालों को ट्रिकी बताया. पेपर में 70 सवालों के मल्टीचॉइस क्वेश्चन पूछे गए, इनमें कोई निगेटिव मार्किंग नहीं थी.

JAGRAN CITY PAGE I & III

लवि में पीजी विषम सेमेस्टर परीक्षाएं 14 मार्च से

103 कालेजों को बनाया गया केंद्र, इनकी मानीटरिंग के लिए 23 नोडल केंद्र भी किए गए निर्धारित

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) की परास्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाएं 14 मार्च से पांच अप्रैल तक होंगी। विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in से डाउनलोड कर सकते हैं। लवि ने पीजी विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए 103 कालेजों को केंद्र बनाया गया है। इनकी मानीटरिंग के लिए 23 नोडल केंद्र भी निर्धारित हैं।

एमए पालिटिकल साइंस तीसरे सेमेस्टर (सीबीसीएस) 14 से 24 मार्च, प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस) 16 से 27 मार्च, एमए सोशियोलाजी तीसरा सेमेस्टर 14 से 22 मार्च और प्रथम सेमेस्टर 13 से 27 मार्च, एमए साइकोलाजी प्रथम सेमेस्टर-16 से 25 मार्च, एमए साइकोलाजी तीसरा सेमेस्टर 14 से 22 मार्च, मास्टर आफ लाइब्रेरी एंड इन्फार्मेशन साइंस प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस) 18 से 28 मार्च, एमएजेएमसी तीसरे सेमेस्टर-14 से 23 मार्च, एमएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर 16 से 28 मार्च, एमकाम प्रथम सेमेस्टर सीबीसीएस 17 से 29 मार्च, एमकाम प्रथम सेमेस्टर ओल्ड कोर्स 17 से 27 मार्च, एमकाम तीसरे सेमेस्टर सीबीसीएस 16 से 23 मार्च, एमकाम तीसरे सेमेस्टर ओल्ड कोर्स 16 से 25 मार्च, एमए पर्शियन प्रथम सेमेस्टर 16 से 23 मार्च, एमएससी स्टैटिस्टिक्स प्रथम सेमेस्टर 18 से 31 मार्च, एमए, एमएससी स्टैटिस्टिक्स तीसरे सेमेस्टर 17 से 29 मार्च, एमए, एमएससी बायोसटैटिस्टिक्स प्रथम सेमेस्टर 18 से 31 मार्च, एमएससी केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर 28 मार्च से तीन अप्रैल, एमएससी फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर-28 मार्च से तीन अप्रैल, एमएससी फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री तीसरे सेमेस्टर-17 से 31 मार्च, एमएससी एप्लाइड जियोलाजी प्रथम सेमेस्टर 16 से 29 मार्च, एमएससी बायोसटैटिस्टिक्स प्रथम सेमेस्टर 18 से 31 मार्च, एमएससी केमिस्ट्री तीसरे सेमेस्टर 14 से 25 मार्च, एमएससी बायो केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर, एमएससी एप्लाइड जियोलाजी तीसरा सेमेस्टर 14 से 25 मार्च, एमएससी बायोकेमिस्ट्री तीसरा सेमेस्टर 17 से 29 मार्च, एमएससी बायोकेमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर 18 से 31 मार्च, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन प्रथम सेमेस्टर 18 से 31 मार्च, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन तीसरे सेमेस्टर 14 से 27 मार्च, एमबीए (एफए, सीए, स्कलप्चर) प्रथम सेमेस्टर एक से पांच अप्रैल, एमबीए (एफए, सीए, स्कलप्चर) तीसरे सेमेस्टर 31 मार्च से तीन अप्रैल, एमए हिन्दी प्रथम सेमेस्टर 22 मार्च से तीन अप्रैल, एमए हिन्दी तीसरे सेमेस्टर-17 से 23 मार्च, एमएससी एप्लाइड जियोलाजी प्रथम सेमेस्टर 16 से 29 मार्च, एमएससी बायोसटैटिस्टिक्स प्रथम सेमेस्टर 18 से 31 मार्च, एमएससी केमिस्ट्री तीसरे सेमेस्टर 14 से 25 मार्च, एमएससी बायो केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर, एमएससी एप्लाइड जियोलाजी तीसरा सेमेस्टर 14 से 25 मार्च, एमएससी बायोकेमिस्ट्री तीसरा सेमेस्टर 17 से 29 मार्च, एमएससी बायोकेमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर 18 से 31 मार्च, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन प्रथम सेमेस्टर 18 से 31 मार्च, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन तीसरे सेमेस्टर 14 से 27 मार्च, एमबीए (एफए, सीए, स्कलप्चर) प्रथम सेमेस्टर एक से पांच अप्रैल, एमबीए (एफए, सीए, स्कलप्चर) तीसरे सेमेस्टर 31 मार्च से तीन अप्रैल, एमए हिन्दी प्रथम सेमेस्टर 22 मार्च से तीन अप्रैल, एमए हिन्दी तीसरे सेमेस्टर 14 से 31 मार्च तक।

लवि : 33 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने छोड़ी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

- 77 प्रतिशत अभ्यर्थी ही प्रवेश परीक्षा में हुए शामिल
- पालिटिकल साइंस में सबसे ज्यादा 103 अभ्यर्थी अनुपस्थित

लखनऊ विश्वविद्यालय में रविवार को पीएचडी प्रवेश परीक्षा का निरीक्षण करते कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय • सौजन्य से लवि

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2022-23 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा रविवार से शुरू हो गई। पहले दिन दोनों पालियों को मिलाकर 2,446 के सापेक्ष 1872 (77 फीसद) अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए। पालिटिकल साइंस विषय की परीक्षा में सबसे ज्यादा 103 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कुलपति प्रो. आलोक राय ने सुबह की पाली में परीक्षा का निरीक्षण किया।

प्रवेश परीक्षा के लिए पुराने और द्वितीय परिसर को केंद्र बनाया गया है। सुबह 10.30 से 12 बजे तक बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, उर्दू, अंग्रेजी, पर्शियन, होम साइंस, वेस्टर्न हिस्ट्री, एंथ्रोपोलाजी, बायोकेमिस्ट्री विषय की प्रवेश परीक्षा हुई। एंटिशन्स प्रवेश सम्बन्धक अनित्य गौरव ने बताया कि सुबह 736 में से 191 ने प्रवेश परीक्षा छोड़ दी। दोपहर की पाली में दो से 3.30 बजे तक पालिटिकल साइंस, संस्कृत, जाग्रफी, जूलाजी, अरेबिक, स्टैटिस्टिक्स, अरेबिक एंड अरब कल्चर, फिजिक्स, सोशियोलाजी, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, लाइब्रेरी एंड इन्फार्मेशन साइंस विषय की प्रवेश परीक्षा हुई। 1,710 में से 383 अनुपस्थित रहे। पालीटिकल साइंस 440 में से 103 और सोशियोलाजी 379 में से 90 ने परीक्षा छोड़ दी। निगेटिव मार्किंग न होने से अभ्यर्थी खुश रहे। प्रत्येक विषय में 70 बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) विषय आधारित और रिसर्च मेथोडोलाजी पर आधारित थे। हर प्रश्न के लिए एक अंक तय था। संस्कृत की परीक्षा देने आए शुभम ने बताया कि कुल मिलाकर पेपर को अच्छा कहा जा सकता है। ज्यादा कठिन प्रश्न नहीं आए थे।

बीए आनर्स की परीक्षाएं 20 से

बीए आनर्स साइकोलाजी पांचवें सेमेस्टर 20 से 29 मार्च, बैचलर आफ लाइब्रेरी एंड इन्फार्मेशन साइंस प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस) 18 से 29 मार्च, बीएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर एनईपी 14 से 27 मार्च, बीएजेएमसी तीसरे सेमेस्टर एनईपी 16 से 28 मार्च, बीएजेएमसी प्रथम सेमेस्टर ओल्ड कोर्स 14 व 17 मार्च, तीसरे सेमेस्टर 16 व 18 मार्च, पांचवें सेमेस्टर 17 व 20 मार्च, बीबीए एफए तीसरे सेमेस्टर 23 से 25 मार्च, बीबीए सीए तीसरे सेमेस्टर 23 से 25 मार्च तक।

लखनऊ विश्वविद्यालय : 250 करोड़ मिलें तो बेहतर होगी सुविधा

लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए बजट में 44 करोड़ से बढ़ाकर 50.19 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। शिक्षकों व कर्मचारियों के वेतन मद में सालाना 192 करोड़ रुपये का खर्च है। सरकार से 44 करोड़ रुपये का बजट होने के बाद भी 33 करोड़ रुपये ही मिलते हैं। करीब 250 करोड़ रुपये सालाना का बजट मिले तो अन्य सुविधाएं बेहतर हो जाएंगी। रजिस्ट्रार संजय मेहतो का कहना है कि एक करोड़ रुपये इंटर कालेज व यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स फेस्टिवल के लिए, 20 लाख रुपये कल्चरल एक्टिविटी और कुछ अन्य मद के लिए दिया गया है।

आइडिया है तो लवि में स्टार्टअप के लिए करें आवेदन, मिलेगी सहायता

जासं, लखनऊ : यदि आपके पास स्टार्टअप का बेहतरीन आइडिया है तो लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के इंक्यूबेशन सेंटर से संपर्क कर सकते हैं। सेंटर ने स्टार्टअप और आइडिया के लिए आवेदन मांगे हैं। https://forms.gle/jmSQRJV1fvVJnZdp8 या ईमेल incubation_cell_lu@lkouniv.ac.in के जरिये आवेदन कर सकते हैं।

इंक्यूबेशन सेंटर के निदेशक प्रो. अमृतांशु शुक्ल ने बताया कि स्टार्टअप के लिए प्रदेश सरकार ने बजट निर्धारित किया है। स्टार्टअप को मदद मुहैया कराने तथा प्रोत्साहित करने के लिए विशेष नीति भी बनाई है। मान्यता प्राप्त इंक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से यह मदद मुहैया करवाई जाती है। स्टार्टअप के इंक्यूबेशन सेंटर से जुड़ने के लिए लिए कंपनी का रजिस्ट्रेशन तथा डिपार्टमेंट फार प्रमोशन आफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड का प्रमाणपत्र जरूरी है। इसमें बाहर के लोग जुड़ सकते हैं। बशर्ते उनकी कंपनी का प्रमुख कार्यालय क्षेत्र उप्र में हो।

दो स्टार्टअप पंजीकृत : प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि नवांकुर फाउंडेशन के नाम से कंपनी पंजीकृत है। इसके चेयरमैन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय हैं। इसके तहत छात्रों एवं शिक्षकों को शोध एवं नवाचार को स्टार्टअप के स्तर तक लाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। अभी तक दो स्टार्टअप पंजीकृत हैं।

हास्टल में विदेशी छात्र-छात्राओं ने खेली होली

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय का आचार्य नरेंद्र देव इंटरनेशनल बायज हास्टल रविवार को होली के रंगों से सराबोर हो गया। लवि एवं वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन आफ स्टूडेंट्स एंड यूथ के संयुक्त तत्वावधान में शाम को विदेशी छात्र-छात्राओं ने जमकर रंग खेला। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन व को रंग लगाने के बाद छात्र होली के गानों पर थिरके। (जसं)

यहां भी मना होली उत्सव

लखनऊ : इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज (आइएमएस) के नए परिसर में पहली बार रंगारंग होली उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में छात्रों और संकाय सदस्यों ने भंग नृत्य, नृत्य और कविता प्रस्तुत की। कुलपति ने संस्थान के लोगों और प्लेसमेंट नीति का उद्घाटन किया। उसके बाद छात्रों ने एक दूसरे को रंग लगाकर खूब होली खेली। ओएसडी प्रो. विनीता काचर ने भी उल्लास मनाया। (जसं)

शिक्षक के निधन पर शोक

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के ओरिएंटल अरेबिक एंड पर्शियन विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. तकी अली आब्दी का दिल का दौरा पड़ने से रविवार सुबह चार बजे देहांत हो गया। लुटा अध्यक्ष डा. विनीत वर्मा ने बताया कि जून 2004 में डा. तकी अली का ओरिएंटल अरेबिक एंड पर्शियन विभाग में सहायक प्रोफेसर पद पर विनियमितीकरण हुआ था। 2024 में उन्हें सेवानिवृत्त होना था। वह विभाग के सबसे वरिष्ठ शिक्षक थे। (जसं)

लविविः पीएचडी प्रवेश परीक्षा संपन्न

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय की पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 2022- 23 रविवार को दो पालियों में संपन्न कराई गई। इसमें 2920 छात्रों को परीक्षा देनी थीं, जिसमें 574 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी, अनुपस्थित रहे। इस दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने खुद परीक्षा कक्ष का निरीक्षण किया।

लखनऊ विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि दो दिवसीय परीक्षा कार्यक्रम के तहत रविवार लविवि के पीएचडी कार्यक्रम 2022-23 के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा सुबह व शाम की दो पालियों में आयोजित कराई गई। पहली पाली में 736 छात्रों को परीक्षा देनी थी इसमें से 191 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली शाम को 1610 छात्रों को परीक्षा देनी थी विषम सेमेस्टर की परीक्षा 574 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी, अनुपस्थित रहे।

कुलपति ने किया परीक्षा कक्ष का निरीक्षण: पीएचडी प्रवेश परीक्षा के दौरान खुद लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने परीक्षा कक्ष में जा कर निरीक्षण किया। इस दौरान कुलपति ने कक्ष निरीक्षकों को सख्त दिशा निर्देश भी दिए। साथ ही परीक्षा दे रहे छात्रों पर भी नजर बनाए रखी।

पहले दिन 574 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा, कुलपति ने परीक्षा कक्षों का लिया जायजा

परास्नातक विषम सेमेस्टर का कार्यक्रम जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की परा स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यह परीक्षाएं 14 से शुरू होगी 28 मार्च तक संपन्न करा ली जाएंगी। इसमें एमए, एमएससी और अन्य पीजी कक्षाओं की भी विषम सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित कराई जाएंगी। लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक विश्वविद्यालय के एमए व एमएससी के विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं 14 मार्च से शुरू होकर 28 मार